MAHD-02

December - Examination 2017

M.A. (Previous) Hindi Examination

Adhunik Kavya

आधुनिक काव्य

Paper - MAHD-02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' खण्ड में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है। खण्ड 'ख' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबन्धात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

खण्ड – अ **$8 \times 2 = 16$**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) मैथिलीशरण गुप्त ने भारतीय कृषक की दुर्दशा का चित्रण किस काव्य में किया तथा उसका प्रकाशन वर्ष क्या है?

(ii) कामायनी महाकाव्य में कुल कितने सर्ग हैं?

(iii) निराला के प्रथम काव्य संग्रह का नामोल्लेख कीजिए।

(iv) महादेवी वर्मा की किन्हीं चार गद्य कृतियों के नाम लिखिए।

(v) 'चार खेमे चौसठ खूँटे' किसकी रचना है?

(vi) रघुवीर सहाय की कोई दो काव्य रचनाओं के नाम लिखिए।

(vii) दुष्यन्त के ग़ज़लों की मुख्य विषय वस्तु क्या है?

(viii) नागार्जुन का पूरा नाम लिखिए।

खण्ड – ब **4 × 8 = 32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) निम्न पद्यांश की संप्रसंग व्याख्या कीजिए।

अरी उपेक्षा–भरी अमरते! री अतृप्ति। निर्बाध विलास!
द्विधा–रहित अपलक नयनों की भूख भरी दर्शन की प्यास!
बिछुड़े तेरे सब आलिंगन, पुलक स्पर्श कापता नहीं।
मधुमय चुंबन कातरतायें, आज न मुख को सता रहीं।

3) निम्न पद्यांश की संप्रसंग व्याख्या कीजिए।

जो तुम आ जाते एक बार
कितनी करुणा कितने संदेश
पथ में बिछ जाते बन पराण,
गाता प्राणों का तार तार
अनुराग भरा उन्माद राग
आँसू लेते वे पद पखार

हँस उठते पल में आर्द नयन
धुल जाता ओठों से विषाद,
छा जाता जीवन में वसंत
छुट जाता चिर संचित विराग
आँखें देती सर्वस्व वार।

4) निम्नलिखित पद्यांश की संप्रसंग व्याख्या कीजिए।

धर्म का दीपक, दया का दीप,
कब जलेगा, कब जलेगा, विश्व में भगवान?
कब सु कोमल ज्योति से अभिषिक्त
कब सरस होंगे जली सूखी रसा के प्राण?
है बहुत बरसी धरित्री पर अमृत की धार,
पर नहीं अब तक सुशीतल हो सका संसार।
भोग लिप्सा आज भी लहरा रही उद्दाम,
बह रही असहाय नर की भावना निष्काम

5) हालावाद क्या है? समझाइये।

6) महादेवी वर्मा की प्रमुख काव्य कृतियों का परिचय दीजिए।

7) नरेन्द्र शर्मा के कृतित्व का परिचय दीजिए।

8) 'नागार्जुन के काव्य में युग की विषमता चित्रित हुई है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

9) रघुवीर सहाय की कृतियों का परिचयात्मक विवेचन कीजिए।

खण्ड – स

2 × 16 = 32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) नई कविता के सन्दर्भ में अज्ञेय के महत्व का मूल्यांकन कीजिए।

11) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में संवेदन एवं शिल्प की विवेचना कीजिए।

12) महादेवी वर्मा के काव्य में रहस्यवाद एवं दु:खवाद को स्पष्ट कीजिए।

13) निराला की काव्य भाषा पर एक सारगर्भित निबंध लिखिए।